# कार्यालय प्रभारी शारीरिक शिक्षा

पत्रांकः शा0शि0/4689 दिनांक : अक्टूबर 28 ,2025

सूचना

विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं स्टाफ कर्मियों को सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि लौह पुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल जी की जयन्ती के अवसर पर देश की एकता और अखण्डता का संदेश जन-जन तक पहुँचाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा "राष्ट्रीय एकता दौड़" का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आपसे निवेदन है कि इस दौड़ में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

माननीय कुलपति डा0 मनमोहन सिंह चौहान द्वारा उक्त दौड़ का शुभारंभ किया जायेगा।

दिनांक – 31.10.2025, समय – प्रातः 7:00 बजे

स्थान – स्टीवेन्सन स्टेडियम से गाँधी हाल (गाँधी पार्क) तक

(एन.के.सिंह)
प्रभारी, शारीरिक शिक्षा

प्रतिलिपि :-

1. समस्त अधिष्ठाता/निदेशक/नियंत्रक/संस्थापनाधिकारी/मुख्य कार्मिक अधिकारी/वि०वि० पुस्तकालयाध्यक्ष/ मुख्य महाप्रबन्धक, फार्म हल्दी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया अपने अधीनस्थ समस्त कर्मियों को उक्त राष्ट्रीय एकता दौड में प्रतिभाग करने हेतु सूचित करने का कष्ट करें।
2. समस्त छात्रावास अभिरक्षक/अभिरक्षिकाओं को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि सम्बन्धित छात्रावास के विद्यार्थियों को उक्त राष्ट्रीय एकता दौड में प्रतिभाग कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
3. समस्त क्रीड़ा स्टाफ काउन्सलरों एवं सह निदेशक, शा० शि० को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. सुरक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. प्रभारी अधिकारी विश्वविद्यालय वेबसाइड को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. प्रभारी अधिकारी विश्वविद्यालय चिकित्सालय को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. अधिष्ठाता छात्र कल्याण।
8. निदेशक संचार ।
9. कुलसचिव।
10. कुलपति जी के निजी सचिव को कृपया कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।